हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 28 जुलाई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

4
समरसता संकल्प अभियान व तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की कार्यशाला



## खबर संक्षेप

### शराबी बाइक व कार चालक पर 10-10 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर जिले में कार्रवाई जारी है। इस बीच शराब के नशे में धुत होकर वाहन चलाने वाले एक बाइक व कार चालक पर 20 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि सडक दुर्घटनाओ मे कमी लाने हेतु एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल के दिशा निर्देशन मे पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना यातायात शाखा पुलिस टीम द्वारा दौरान चेकिंग मोटरसायकल क्रमांक जेएच 01 डीबी 9302 के वाहन चालक यूपी गाजीपुर निवासी 34 वर्षीय बृजकिशोर सिंह यादव आ. रामेश्वर सिंह शराब के नशे में धुत पाया गया। इसी तरह चेकिंग दौरान कार क्रमांक यूपी 61 एडी 2493 के चालक दरिमा नवानगर निवासी 19 वर्षीय विरेंद्र गिरी आ. राजकुमार भी नशे में धुत पाया गया। दोनों चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से चेक करने पर शराब के नशे मे धुत्त होने की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस द्वारा एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से दोनों वाहन चालकों पर दस दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को 20 साल कैद

**अंबिकापुर।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और गर्भवती करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को अलग अलग धाराओं में अधिकतम 20 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थ दंड से दंडित किया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीया नालाबिग 20 जुलाई 2022 को घर से कापी किताब लेने की बात कहकर घर से निकली थी और अपने भाई को बताकर बस में बैठकर अंबिकापुर आ गई गई। इसके बाद छात्रा घर नहीं लौटी थी जिसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। मामले में पुलिस द्वारा जांच उपरान्त नाबालिग छात्रा को मैनपाट के नर्मदापुर दातीढाप निवासी 19 वर्षीय विमल खाखा आ. निर्मल खाखा के पास से 26 जुलाई को बरामद किया था। इस दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी नाबालिग को शादी का झांसा देकर दो वर्षों से दुष्कर्म कर रहा था। इस दौरान छात्रा गर्भवती भी हो गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया था। शनिवार को इस प्रकरण की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक विद्याभूषण श्रीवास्तव ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए धारा 363, 366, 376(2)(ढ), 376(3) एवं पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत अधिकतम 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है इसके साथ ही अर्थ दंड लगाया है।

## कलेक्टर ने की मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना की समीक्षा

# युवाओं को रूचि व रोजगार की मांग के अनुसार दें प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास ने 24 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने युवाओं को उनकी रूचि और मार्केट में रोजगार की मांग अनुसार प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए है ताकि युवाओं को पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर एस डी सी स्टेट हेड वैभव अग्रवाल, सुबोध कुमार की उपस्थिति में जिले में स्थित समस्त शासकीय आई टी आई, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य एवं जिले में पंजीकृत समस्त शासकीय एवं अशासकीय वी टी पी के साथ जिले के युवाओं के लिए उपलब्ध बेहतर रोजगार के अवसरों के विषय पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान सुबोध कुमार के द्वारा एमआरएफ जैसे बड़े संस्थानों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी साझा किया गया साथ ही इन संस्थाओं के अधिकारीयों से भी विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से वार्तालाप करवाया गया इसके अलावा वेल्डर, मेसन जैसे ट्रेड में विदेश में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की भी जानकारी प्रदाय करवाया गया, जिले में स्थित 2 शासकीय आई टी आई को भविष्य में आने वाले रोजगार के अवसरों के अनुरूप उनके प्रयोगशाला को मॉडल प्रयोगशाला के रूप में विकसित करने पर भी चर्चा हुई. जिले में एग्रीकल्चर एवं अलाइड सेक्टर में भी मांग के अनुसार प्रशिक्षण एवं नए प्रोडक्ट जिनकी बाज़ार में मांग है उनके चिन्हांकन एवं विकसित करने के संबंध में चर्चा किया गया। कलेक्टर द्वारा समस्त वी टी पी को यह निर्देशित किया गया की भविष्य के मांग के अनुरूप ही जिले के युवाओं को प्रशिक्षण प्रदाय किया जाए ताकि उन्हें अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त हो. साथ ही श्री वैभव अग्रवाल द्वारा प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना एवं पी विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी प्रदाय किया गया।

### शिक्षण व्यवस्था की सतत करें निगरानी

विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने पाठ्यपुस्तकों के वितरण, विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण, शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, स्मार्ट क्लास तथा जश लर्न कार्यक्रम सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री व्यास ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा एवं सभी विकास खंडों के बीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में बेहतर शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारी एवं शिक्षक पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति बिना किसी वैध कारण के दर्ज नहीं होगी, उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से इसकी निगरानी करने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए।

### योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

कलेक्टर श्री व्यास ने कृषि एवं राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं तथा लंबित राजस्व प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसान पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए सभी मामलों का नियमानुसार एवं समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसानों के ऑनलाइन पंजीयन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें। उन्होंने इस योजना के तहत संदिग्ध प्रकरणों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।



# खुड़िया रानी में किया गया स्वच्छता श्रमदान

**जशपुरनगर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जनपद पंचायत बगीचा की ग्राम पंचायत छिछली (र) के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खुड़िया रानी मंदिर परिसर में आज प्रातः 07:00 बजे से 11:00 बजे तक व्यापक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूक बनाना था।

■ जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

स्वच्छता श्रमदान में जनपद पंचायत बगीचा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, ग्राम पंचायत छिछली (र) के सरपंच, सचिव एवं पंचायत कर्मियों, आसपास के ग्राम पंचायतों के सरपंचों, ग्रामीण जनों, युवाओं एवं महिला समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत द्वारा गंगा समूह को स्वच्छता किट प्रदान की गई तथा समूह के सदस्यों से मंदिर परिसर की नियमित साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया गया। समूह ने परिसर को सदैव स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम की सफलता में वन विभाग की टीम एवं स्थानीय सामाजिक संगठन सफल प्रयास सेवा समिति का विशेष सहयोग एवं योगदान सराहनीय रहा। सभी प्रतिभागियों ने श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देते हुए आमजन से भी अपने धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा सतत जनआंदोलन है। ऐसे सामूहिक श्रमदान कार्यक्रमों से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा धार्मिक स्थलों की गरिमा और पवित्रता भी बनी रहती है।

# पत्थलगांव के अग्रसेन भवन में 30 से गूंजेगी श्रीराम कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



■ कलश यात्रा से होगा शुभारंभ, होगा सामूहिक रुद्राभिषेक

श्रावण मास पर पत्थलगांव एक बार फिर पूरी तरह राममय होने जा रहा है। अग्रवाल समाज के तत्वावधान में 30 जुलाई से 7 अगस्त तक अग्रसेन भवन में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा प्रेमयज्ञ एवं वैदिक विद्वानों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। इस दिव्य आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है।

आयोजन की शुरुआत 30 जुलाई को दोपहर 3 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। श्रद्धालु महिलाओं एवं भक्तों की विशाल सहभागिता के साथ निकलने वाली यह शोभायात्रा पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण में रंग देगी। राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बालसंत अनुरागशरण महाराज की उपस्थिति इस आयोजन की विशेष गरिमा बढ़ाएगा, जबकि अयोध्या धाम की अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथा वाचिका इंदुमती रामायणी अपनी मधुर वाणी से भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का रसपान कराएंगी। माना जा रहा है कि उनकी कथा सुनने के लिए पत्थलगांव ही नहीं बल्कि आसपास के अनेक शहरों और गांवों से हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे। प्रतिदिन सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा। वहीं 7 अगस्त को हवन, पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद वितरण के साथ इस भव्य धार्मिक आयोजन का समापन किया जाएगा। नगर में जगह-जगह लगाए गए विशाल पोस्टर और बैनर श्रद्धालुओं को कथा में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं। पूरा शहर धार्मिक रंग में रंगता नजर आ रहा है और कथा प्रेमियों में आयोजन को लेकर विशेष उत्सुकता दिखाई दे रही है। आयोजन को सफल बनाने के लिए अग्रवाल समाज पत्थलगांव, अग्रवाल महिला मंडल एवं नवयुवक समिति द्वारा अग्रसेन भवन में व्यापक एवं सुचारु व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम कथा का श्रवण करने तथा सामूहिक रुद्राभिषेक में सहभागिता का आग्रह किया है। श्रावण मास में आयोजित यह आध्यात्मिक महोत्सव श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, आस्था और धर्म का अनुपम संगम साबित होने जा रहा है।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**जशपुरनगर।** जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जोराडोल में बिजली करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान पुरुषोत्तम सिदार उम्र 41 वर्ष, निवासी जोराडोल के रूप में हुई है। जानकारी जानकारी के अनुसार, पुरुषोत्तम सिदार के घर की बिजली खराब हो गई थी। वे घर के समीप लगे ट्रांसफार्मर के पास बिजली लाइन ठीक करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान वे अचानक बिजली करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पत्थलगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पत्थलगांव एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मौत का कारण बिजली करंट लगना सामने आया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# जिले में इकाई गठन को लेकर कैट की रणनीतिक बैठक

**जशपुरनगर।** ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा व्यापारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरगुजा संभाग प्रभारी कन्हैया गुप्ता, सह प्रभारी दिनेश पटेल एवं सह प्रभारी सुशील गोयनका का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।



बैठक में आगामी भारत महोत्सव में जिले से अधिक से अधिक व्यापारियों एवं सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कैट जशपुर जिला कार्यकारिणी के विस्तार एवं नई टीम के गठन को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान व्यापारियों ने व्यापार से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों को खुलकर रखा। सरगुजा संभाग प्रभारी कन्हैया गुप्ता ने कैट की कार्ययोजना की जानकारी देते हुए व्यापारियों को संगठन से अधिक से अधिक जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने व्यापार को बढ़ावा देने, नए सदस्यों को जोड़ने तथा संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में व्यापार के विकास, सदस्यता अभियान को गति देने तथा नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए, जिन पर आगामी समय में अमल करने की सहमति बनी। इस अवसर पर कैट सरगुजा संभाग प्रभारी कन्हैया गुप्ता, सरगुजा सह प्रभारी दिनेश पटेल, सरगुजा सह प्रभारी सुशील गोयनका, अनिल अग्रवाल ,अनिल अग्रवाल के एन राइस मिल ,पप्पल गोयल, मधुसूदन अग्रवाल, राजेश नवभारत ,जितेंद्र गुप्ता ,अजय मधुबन ,नीरज अग्रवाल, विनय अग्रवाल ,दीपक अग्रवाल ,पमुंअग्रवाल, रघु गोयल, राजेश मिलन ,सुंदर आयुषी मोटर ,नवीन अग्रवाल ,राजेश अग्रवाल, टिंकू अग्रवाल देवेश अग्रवाल सहित समाज एवं व्यापार जगत के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अनिल अग्रवाल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित व्यापारियों का आभार व्यक्त किया।

# हथियार लहराकर धमका रहा युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बरौनाकुंडा में लोहे का कत्ता और तीर-धनुष लहराकर राहगीरों को डराने-धमकाने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हथियार जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई को चवन लाल सारथी निवासी बरौनाकुंडा ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि गांव का विद्याधर अगरिया हाथ में लोहे का कत्ता और तीर-धनुष लेकर गली में घूम रहा है तथा आने-जाने वाले लोगों को भयभीत कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस जब आरोपी के घर के पास पहुंची, तब विद्याधर अगरिया पुलिस को देखकर हाथ में कत्ता और तीर-धनुष लहराते हुए सामने आया और धमकी देते हुए कहा कि जो भी उसके पास आएगा, उसे मार देगा। पुलिस टीम ने गवाहों की मौजूदगी में घेराबंदी कर आरोपी को काबू में लिया।




## लिटिल चैंप प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरे प्रतिभा के रंग, कौशल्या साय हुईं शामिल

# दोकड़ा में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ अधर पाना अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के विकासखंड कांसाबेल स्थित ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में रविवार को भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का पारंपरिक अधर पाना अनुष्ठान श्रद्धा, आस्था और धार्मिक परंपराओं के अनुरूप सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रभु के दर्शन कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की।

■ आज नीलाद्री विजय के साथ महाप्रभु करेंगे गर्भगृह में प्रवेश

अधर पाना अनुष्ठान में श्री मंदिर के गजपति महाराज एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से शामिल हुईं। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा मंदिर समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई। मंदिर परिसर में संध्या बेला में भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन एवं वैदिक मंत्रोच्चार से भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने अधर पाना की प्राचीन परंपरा का दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित दर्शन एवं महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई।





### प्रतियोगिता बनी आकर्षण

इस अवसर पर आयोजित लिटिल चैंप प्रतियोगिता बच्चों के आकर्षण का केंद्र रही। नन्हे प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भक्ति गीतों एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

### गर्भगृह में करेंगे प्रवेश

मंदिर समिति ने बताया कि आज सोमवार को नीलाद्री विजय के पावन अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा रथ से पुनः श्री मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करेंगे। इस अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ द्वारा माता लक्ष्मी को रसगुल्ला अर्पित कर उन्हें प्रसन्न करने की प्राचीन एवं विशेष परंपरा भी निभाई जाएगी।वर्ष 1942 से निरंतर आयोजित हो रही दोकड़ा की ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ रथयात्रा आज छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं झारखंड के श्रद्धालुओं की आस्था, संस्कृति और सामाजिक समरसता का एक प्रमुख केंद्र बन चुकी है।



# 200 करोड़ क्लब की ओर विजय की जन नायकन

**नई दिल्ली।** विजय थलापति की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जन नायकन' बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड गढ़ रही है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ओवरसीज मार्केट्स में भी इस फिल्म का जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। विजय थलापति के स्टारडम के दम पर फिल्म ने अपने शुरुआती वीकेंड में ही दुनिया भर में ताबड़तोड़ कमाई की है और महज 3 दिनों के भीतर 200 करोड़ के आंकड़े के बेहद करीब पहुंच गई है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने धमाकेदार ओपनिंग ली थी, हालांकि दूसरे दिन कमाई में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई, लेकिन तीसरे दिन (रविवार) फिल्म ने फिर से शानदार वापसी की।

लाइफ Style

# आनंदी
## सीन कटने से टूट गया दिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस आनंदी अजय ने एक बेहद इमोशनल वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह बात करते-करते फफक कर रो पड़ती हैं। एक्ट्रेस का दावा है कि 1 साल काम करने के बाद थलपति विजय की 'जन नायकन' से उनके सीन काट दिए गए हैं।

यह बात उन्हें फिल्म के रिलीज होने के बाद ही पता चली है। थलपित विजय की फेयरवेल फिल्म 'जन नायकन' गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। एक तरफ जहां फैंस ने सिनेमाघरों को उत्सव का रंग दे दिया है, वहीं एक्ट्रेस आनंदी अजय का दिल टूट गया है। विजय के साथ स्क्रीन शेयर करना उनका सपना था। इसके लिए उन्होंने 1 साल तक कड़ी मेहनत की और फिल्म में काम भी किया। लेकिन, जब डायरेक्टर एच. विनोद की फिल्म रिलीज हुई तो वह यह देखकर दंग रह गईं कि उनका कोई भी सीन फिल्म में नहीं है। आनंदी ने एक बेहद इमोशनल वीडियो शेयर किया है, जिसमें अपनी आपबीती बताते हुए वह फफक कर रो पड़ी हैं। 'जन नायकन' पहले सेंसर बोर्ड के साथ विवाद में फंसी थी। यह मूल रूप से जनवरी महीने में ही रिलीज होने वाली थी। लेकिन 7 महीने का यह लंबा इंतजार भी आनंदी के लिए खुशी के पल लेकर नहीं आया। वीडियो पोस्ट में वह बताती हैं कि फिल्म के फाइनल एडिट से उनका सीन हटा दिया गया है। अब आनंदी का यह क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फैंस उन्हें हिम्मत दे रहे हैं। तमिल टेलीविजन की पॉपुलर एक्ट्रेस आनंदी के लिए विजय की फिल्म का हिस्सा होना, जाहिर तौर पर बड़ी बात थी।



## हॉलीवुड मसाला




# द रिंग्स ऑफ... का टीजर ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** सैन डिएगो कॉमिक-कॉन 2026 में प्राइम वीडियो ने 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर' सीजन 3 का टीजर ट्रेलर जारी किया। 99 सेकंड के इस प्रीव्यू में सीरीज के एक इंटेंस और डार्क दौर की झलक मिली, जिसमें मिडिल-अर्थ में सॉरॉन का उदय, 'वन रिंग' का निर्माण और फैलती हुई जंग नए सीजन की कहानी को आगे बढ़ाएगी। इस फुटेज को बेंजामिन वॉकर के मॉडरेट किए गए एक पैनल के दौरान दिखाया गया, जिसमें सिंथिया अडाई-रॉबिन्सन, ओवेन आर्थर, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, चार्ली विकर्स, डैनियल वेमैन और नए कलाकार जेमी कैंपबेल बॉवर चर्चा में शामिल हुए।




# ब्लैक पैंथर का किरदार निभाएंगे डेविड....

**लॉस एंजिल्स।** 'ब्लैक पैंथर' फ्रेंचाइजी हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की सबसे पहली फिल्म 'ब्लैक पैंथर' (2018) को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। इसका दूसरा भाग 'ब्लैक पैंथरः वकांडा फॉरएवर' 2022 में रिलीज हुआ। अब इसके तीसरे भाग 'ब्लैक पैंथर 3' के रिलीज होने की तैयारी हो रही है। इसमें 'ब्लैक पैंथर' का किरदार डेविड जॉनसन निभाएंगे। डेविड जॉनसन 15 दिसंबर 2028 को रिलीज होने वाली 'ब्लैक पैंथर 3' में टीचाला के बेटे का किरदार निभाएंगे। यह फिल्म जॉनसन के किरदार, प्रिंस टी'चाला 2 की कहानी दिखाएगी। डेविड जॉनसन 'ब्लैक पैंथरः वाकांडा फॉरएवर' में एक बच्चे के तौर पर नजर आए थे। डायरेक्टर रयान कूगलर तीसरी फिल्म के लिए वापसी करेंगे।



# दीपिका से छूटी फिल्म अब कैट की झोली में!

**नई दिल्ली।** संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' प्रभास की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है। प्रभास और तृप्ति डिमरी स्टारर इस फिल्म को सबसे ज्यादा सुर्खियां तब मिलीं जब दीपिका पादुकोण ने फिल्म से किनारा किया। अब एक बार फिल्म ये फिल्म चर्चा में है और वजह है नई एक्ट्रेस का नाम। दावा किया जा रहा है कि कैटरीना कैफ इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। इसे लेकर अभी कोई ऑफशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडस्ट्री के एक सोर्स ने कैटरीना की काम पर वापसी की अफवाहों को 'पूरी तरह से गलत और गुमराह करने वाला' बताया है। सोर्स ने बताया, "फ्यूचर में कैट के एक्टिंग प्लान के बारे में किए जा रहे दावों में कोई सच्चाई नहीं है। यह रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलों और गलत जानकारी पर आधारित है जिसकी कोई कनफर्मेशन नहीं है।



# यामी कहानी-3 में आएंगी नजर...

**मुंबई।** यामी गौतम के सितारे बुलंदी पर हैं। हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में शानदार अदाकारी के लिए यामी गौतम के नाम का ऐलान नेशनल फिल्म अवॉर्ड के लिए हुआ। उन्होंने 2024 में आई इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। इस बीच अभिनेत्री के फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। यामी गौतम फिल्म 'कहानी 3' में नजर आएंगी। सुजॉय घोष की चर्चित फ्रैंजाइजी की दो फिल्में आ चुकी हैं। पहली फिल्म 'कहानी' साल 2012 में रिलीज हुई थी। वहीं, दूसरा पार्ट 2016 में रिलीज हुआ। दोनों फिल्मों के निर्देशन का जिम्मा सुजॉय घोष ने निभाया। वहीं, लीड रोल में विद्या बालन नजर आई थीं। अब सुजॉय इसकी तीसरी किस्त लेकर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कहानी 3' में यामी गौतम की एंट्री हो गई है।

## टीवी मसाला



# वो शख्स, जो जाते-जाते रामानंद की रामायण को बना गया अमर

**नई दिल्ली।** रवींद्र जैन वो सितारा थे, जिन्होंने खुद दृष्टिहीन होते हुए रामानंद सागर की 'रामायण' में अपने सुरीले संगीत से रंग भर दिए थे। ये रंग ऐसे भरे कि जब भी 'रामायण' की बात होती है, तो उनके कलाकारों के साथ ही उसकी चौपाइयां और गीत याद आ जाते हैं, जिन्हें रवींद्र जैन ने अपनी प्यारी आवाज और संगीत से सजाया था। रवींद्र जैन जन्म से ही दृष्टिहीन थे। उन्हें कुछ दिखाई नहीं देता था, पर भगवान ने उन्हें सुरीली आवाज और संगीत के अमर वरदान से नवाजा था। उनके गले में मां सरस्वती विराजत करती थीं। उन्हें 'सरस्वती पुत्र' कहा जाता था। उसी वरदान से उन्होंने रामानंद सागर को 'रामायण'के रूप में ऐसा तोहफा दे दिया, जो दुनियाभर में हमेशा के लिए अमर हो गया। 28 फरवरी 1944 को पैदा हुए रवींद्र जैन के पिता संस्कृत पंडित थे, पर बचपन में ही उन्होंने बेटे के हुनर को भांप लिया था। फिर क्या था, उन्होंने बेटे रवींद्र को जी.एल जैन, जनार्दन शर्मा और नाथू राम जैसे संगीतकारों के पास संगीत सीखने भेज दिया। रवींद्र जैन ने संगीत के लिए ही अपनी आंखों को इलाज तक नहीं कराया था। वह बचपन से ही दृष्टिहीन थे। आंखों का इलाज हो सकता था, पर रवींद्र का कहना था कि अगर उनकी आंखों की रोशनी लौट आई, तो वह न तो संगीत पर ध्यान दे पाएंगे और ना ही पहले जैसा संगीत बना पाएंगे। इसलिए उन्होंने आजीवन दृष्टिहीन होना ही चुना। रवींद्र जैन का 9 अक्टूबर 2015 को 71 साल की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे और मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती थे। परिवार में पत्नी दिव्या जैन और बेटा आयुष्मान ही रह गए।

## हर्षद हुए लॉक अप 2 से बाहर



**नई दिल्ली।** 'लॉक अप 2' में ड्रामा जारी है क्योंकि अब हर्षद चोपड़ा को रियलिटी शो से बाहर कर दिया गया है। उनके बाहर होने से कई दर्शक हैरान हैं, जिन्हें उम्मीद थी कि वह गेम में और आगे तक जाएंगे। जेल के अंदर हर्षद एक शांत और संयमित कंटेस्टेंट के तौर पर दिखे। हालांकि उनकी कुछ बहसें और इमोशनल पल भी रहे, लेकिन ज़्यादातर समय वह गेम में अपने में ही रहे। लेकिन, बढ़ते कॉम्पिटिशन और मजबूत कंटेस्टेंट्स के बीच उन्हें काफी सपोर्ट नहीं मिल पाया और उन्हें शो छोड़ना पड़ा। उनके बाहर होने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स जोरदार प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई दर्शकों ने कहा कि उन्हें उनके इतनी जल्दी बाहर होने से झटका लगा है और वे निराश हैं। कुछ फैन्स ने इसे अनुचित भी बताया और कहा कि वह गेम में और समय के हकदार थे, जबकि दूसरों का कहना है कि यह शो के अनप्रेडिक्टेबल नेचर का ही हिस्सा है।

# पेरिस तक गई, ताकि जमाने से आगे रह सकूं : हेलेन

*नई दिल्ली। अदाकारा और मशहूर डांसर हेलेन के नाम पर दर्शकों की भीड़ सिनेमाघरों में फिल्म देखने टूट पड़ती थी। एक दौर था जब हेलन का सिर्फ नाम ही काफी थी। उन्होंने बॉलीवुड के कुछ सबसे यादगार डांस परफॉर्मेंस दी हैं। हेलेन ने हाल ही में इसे लेकर दिलचस्प खुलासा किया कि गानों को करने में वे खुद किस तरह एफर्ट्स डालती थीं। यह उनके डांस के अलावा फैशन से भी जुड़े थे।*



### चीजें खोजने विदेशों की यात्राएं कीं

हेलेन ने 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के एक एपिसोड में बताया कि उन्होंने खुद कई ऐसी एक्सेसरीज चुनीं, जो उनके ग्लैमरस कैबरे डांस की पहचान बन गईं। हेलेन ने कहा कि वे हमेशा चाहती थीं कि उनके कॉस्ट्यूम अनोखे लगें। सिर्फ स्थानीय स्तर पर मिलने वाली एक्सेसरीज पर निर्भर रहने के बजाय, उन्होंने ऐसी चीजें खोजने के लिए विदेश की यात्रा कीं, जो उनके परफॉर्मेंस को एक अलग विजुअल पहचान दे सकें।

### बहुत जल्दी डांस सीख लेती थीं

शो के जज जावेद जाफरी ने बॉलीवुड फैशन और डांस पर हेलेन के असर को याद किया और उन्हें ट्रिब्यूट दिया। उन्होंने कहा कि उनके बोल्ड कॉस्ट्यूम, शानदार परफॉर्मेंस और स्क्रीन पर उनके कॉन्फिडेंस भरे अंदाज ने हिंदी फिल्मों में ग्लैमर को पेश करने का तरीका बदल दिया। उनके मुताबिक, उन्होंने नए ट्रेंड सेट किए और साथ ही कई पीढ़ियों के कलाकारों को प्रेरित भी किया। करिश्मा कपूर ने भी अपनी मां से जुड़ी एक याद शेयर की। उन्होंने कहा, 'मेरी मां मुझे बताती थीं कि जब भी हेलेन जी सेट पर आती थीं, तो सब लोग सम्मान के साथ शांत हो जाते थे। ठीक वैसे ही जैसे शम्मी कपूर के आने पर होता था'। करिश्मा कपूर ने यह भी बताया कि हेलेन रिहर्सल के दौरान बहुत तेजी से कोरियोग्राफी सीख लेती थीं, जिसके लिए उनके प्रोफेशनलिज्म और हुनर की तारीफ की जाती थी।

### अपने लुक की हर चीज पर खुद ध्यान देती थीं

अपने डांस नंबर्स की तैयारी को याद करते हुए हेलन ने बताया कि वे अपने लुक की हर छोटी-बड़ी चीज पर खुद ध्यान देती थीं। उन्होंने खुद ऐसी एक्सेसरीज और फैशन की चीजें चुनीं, जो उस समय भारत में आम नहीं थीं। उन्होंने कहा, 'मैं लंदन गई और वहां से नीले, भूरे और हरे रंग के लेंस और खास आईलैश (पलकें) लेकर आई। मेरे हेडगियर (बालों की एक्सेसरजी) मेरे हेयरड्रेसर ने बनाए थे। मैं अपनी कॉस्ट्यूम के लिए असली पंख लेने पेरिस भी गई थी। मेरी ज्वेलरी, बड़े गॉगल्स और एक्सेसरीज, ये सब मैंने इसलिए, चुना ताकि मैं जमाने से आगे रह सकूं'।

# शूटिंग के लिए पति-बेटी संग लौटीं भारत



*मुंबई। मच अवेटेड फिल्म 'वाराणसी' से प्रियंका चोपड़ा 8 साल के गैप के बाद इंडियन सिनेमा में वापसी कर रही हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए वह पति निक जोनास और बेटी मालती मैरी के साथ भारत आई हैं। उन्हें हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। फ़िल्म का ज़्यादातर हिस्सा शूट हो चुका है, बस कुछ छोटे-छोटे आपस में जुड़े सीन बाकी हैं। एएस राजामौली ने बताया था कि टीम को उम्मीद है कि इस साल सितंबर या अक्टूबर तक फ़िल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी. वाराणसी को 7 अप्रैल, 2027 को दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। वायरल तस्वीरों और वीडियो में निक जोनास और प्रियंका चोपड़ा को साथ चलते हुए देखा जा सकता है। प्रियंका को ऑफ-शोल्डर टॉप वाले डार्क ब्राउन को-ऑर्ड सेट में देखा जा सकता है। उन्होंने एयरपोर्ट लुक को बेज रंग की कैप, काले धूप के चश्मे और ब्राउन रंग के फ्लैट्स के साथ कंप्लीट किया है। वहीं, निक जोनास ने एयरपोर्ट लुक के लिए कंफर्टेबल ऑल-ब्लैक आउटफिट चुना. वह काली शर्ट के साथ मैचिंग ट्राउज़र पहने दिखाई दिए. उन्होंने सफेद-काले स्नीकर्स और टिंटेड धूप के चश्मे के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया।*

## शिव भक्ति से जुड़ा था गीत, स्टूडियो में डायरेक्टर की थी नो-एंट्री

# पहले ठुकराया, फिर गुस्से में लता ने गाया था ये कालजयी गाना

*नई दिल्ली। लता मंगेशकर स्वर कोकिला कही जाती हैं। उन्होंने सिनेमा को हजारों कल्ट क्लासिक गानों से नवाजा है, दशकों तक चाहने वालों को दीवाना बनाया है। डायरेक्टर-प्रोड्यूसर लता मंगेशकर को कास्ट करने के लिए लाइन में लगे रहते थे। लता मंगेशकर भी गायिकी के लिए समर्पित थीं। उन्होंने बेझिझक गाने गाए और नाम कमाया। मगर शायद ही आपको पता है कि उन्होंने अपना एक कल्ट गाना गाने से इनकार कर दिया था। 48 साल पहले उन्होंने शिव भक्ति से जुड़ा गीत गाना था, लेकिन उन्होंने पहले इनकार कर दिया था।*



### सुपरहिट गाने की कहानी

यह गीत है राज कपूर की फिल्म सत्यम शिवम सुंदरम का टाइटल ट्रैक । जीनत अमान पर फिल्माया गया ये गीत लता मंगेशकर ने अपनी आवाज में अमर कर दिया। करीब पांच दशक के बाद भी यह गाना लोगों की जुबान पर रहता है। इस गाने को गवाने लिए राज कपूर को लता मंगेशकर को मनाना पड़ा था। वह उनसे इतना खफा हो गई थीं कि उन्हें स्टूडियो में भी नहीं आने दिया था।

### भाई के चक्कर में लता-राज के बीच अनबन

इस नाराजगी के पीछे की वजह राज कपूर पर लिखी किताब 'राज कपूरः द वन एंड ओनली शोमैन' में उनकी बेटी रितु नंदा ने बताई है। रितु नंदा ने किताब में बताया था कि राज कपूर ने सत्यम शिवम सुंदरम में म्यूजिक डायरेक्टर के तौर पर पहले लता मंगेशकर के भाई हृदयनाथ मंगेशकर को लेने वाले थे। उन्होंने ही सिंगर से गुजारिश की थी कि वह हृदयनाथ को मनाएं।

### राज कपूर से मांगी थी गानों की रॉयल्टी

लता ने राज कपूर के लिए कई गाने गाए थे, लेकिन कभी रॉयल्टी नहीं ली। मगर जब भाई को रिप्लेस किया गया तो उन्होंने राज कपूर से गाने की रॉयल्टी मांगना शुरू कर दिया। चीजें बढ़ती गईं और लता मानने को तैयार नहीं थी। फिर पंडित नरेंद्र शर्मा की एंट्री हुई जिन्हें लता अपने पिता की तरह मानती थीं। उनका मानना था कि 'सत्यम शिवम सुंदरम' के गानों के साथ कोई और सिंगर न्याय नहीं कर सकता, इसलिए उन्होंने लता को इन गानों के लिए अपनी आवाज देने के लिए मनाया।

### गाना गाने से किया था इंकार

राज कपूर के कहने पर हृदयनाथ राजी हो गए। मगर जब लता मंगेशकर काम से यूएस गईं और वापस आईं तो पता चला कि राज कपूर ने हृदयनाथ को हटाकर लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल को फिल्म में शामिल कर लिया है। इस बात से लता बहुत नाराज हुईं। उनसे बिना पूछे या बताए राज कपूर ने यह फैसला लिया था। गुस्से में सिंगर ने उनका गाना गाने से ही इंकार कर दिया था।

### दो शर्तों पर गाया था लता ने हिट गाना

आखिरकार पंडित नरेंद्र शर्मा के कहने पर लता मंगेशकर ने गाने के लिए हामी भरी लेकिन शर्तें भी रखीं। उनकी शर्त थी कि वह स्टूडियो में किसी से भी बात नहीं करेंगी। साथ ही लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल से यह भी कह दिया था कि उनके रिकॉर्डिंग सेशन के दौरान वे राज कपूर को स्टूडियो में न आने दें। लता ने गाना गाया और बिना किसी से बात किए चली गईं। फिर दोनों के बीच रॉयल्टी को लेकर बहस भी हुई। मगर बाद में राज कपूर ने उन्हें मना लिया था।

## खबर संक्षेप



### स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में सरगुजा के खिलाड़ियों ने हासिल किए 12 मेडल

**अम्बिकापुर।** प्रदेश राइफल एसोसियेशन द्वारा माना सूटिंग रेंज में 11 से 21 जुलाई तक 25 वीं स्टेट सूटिंग चैम्पियनसिप प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में सरगुजा के सूटरों का वर्चस्व कायम रहा, जिले के खिलाड़ियों ने कुल 12 मेडल हासिल किया। राइफल इवेंट ओपन साईट 50 मी. राइफल प्रोन सीनियर पुरूष वर्ग में अदीब सिद्धकी ने प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी वर्ग के टीम इवेंट में अदीब सिद्धकी, आलोक कुमार सिंह, जावेद खान ने प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल एवं बन्टी मण्डल, निशांत सिंहदेव, अभिरथ सिंहदेव ने तृतीय स्थान के साथ ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। पीप साईट 50 मी. राइफल प्रोन यूथ पुरूष वर्ग में अलकान फिरदौसी ने प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया। ओपन साईट 50 मी. राइफल प्रोन जूनियर पुरूष वर्ग में अभिरथ सिंह देव ने द्वितीय स्थान के साथ सिल्वर मेडल एवं अनफ रजा खान ने तृतीय स्थान के साथ ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। इसके साथ पिस्टल इवेंट में सरगुजा के रिनोउंड सूटर एवं कोच सकील फिरदौसी ने 50 मी. पिस्टल इंडीविजुयल सीनियर पुरूष वर्ग एवं 10 मी. पिस्टल इंडीविजुयल मास्टर पुरूष वर्ग के दोनो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान के साथ सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इस कड़ी में अगामी होने वाले 10 वी. ईस्ट जोन सूटिंग चैम्पियनशिप एवं वीं. जी वी मावलंकर सूटिंग चैम्पियनशिप के लिए अलग अलग वर्गों के लिए सरगुजा से 04 खिलाड़ियो का चयन हुआ है। जिसमें अदीब सिद्धकी, अलकान फिरदौसी एवं सकील फिरदौसी तथा 10 मी. पिस्टल जूनियर मेन के लिए विशेष श्रीवास्तव का चयन हुआ है।

### शूटिंग रेंज की स्थापना हेतु खिलाड़ियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** सरगुजा में एयर रायफल, पिस्टल व स्माल बोर शूटिंग रेंज की स्थापना की मांग को लेकर खिलाड़ियों ने कलेक्टर, एसपी को ज्ञापन सौंपा है। राष्ट्रीय रायफल निशानेबाज खिलाड़ियों ने शूटिंग रेंज के स्थापना की मांग की है ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बाहर ना जाना पड़े। राष्ट्रीय रायफल निशानेबाज शकील फिरदौसी के साथ ही अन्य खिलाड़ियों ने कलेक्टर, एसपी के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में सरगुजा संभाग में आधुनिक शूटिंग रेंज उपलब्ध नहीं है। इसके कारण खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए रायपुर अथवा अन्य शहरों में जाना पड़ता है। इससे समय, धन और अवसर तीनों का नुकसान होता है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी पर्याप्त अभ्यास नहीं कर पाते और कई खिलाडी बीच में ही खेल छोड़ने को विवश हो जाते हैं। शूटिंग एक ओलंपिक खेल है तथा देश और राज्य के लिए गौरव दिलाने वाला महत्वपूर्ण खेल है। यदि अंबिकापुर में आधुनिक शूटिंग रेंज स्थापित की जाती है, तो सरगुजा संभाग के युवाओं को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा, नई प्रतिभाएं उभरेंगी तथा भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। साथ ही इस क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएँ आयोजित करने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उन्होंने आधुनिक 10 मीटर एयर राइफल-एयर पिस्टल एवं 50 मीटर स्मॉल बोर शूटिंग रेंज की स्थापना के साथ ही अंबिकापुर में आधुनिक शूटिंग रेंज की स्थापना हेतु उपयुक्त भूमि, निर्माण के लिए आवश्यक बजट, प्रशिक्षित कोच, आधुनिक उपकरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ एवं सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों के लिए नियमित प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। इस दौरान संजय अम्बष्ट, इरफान सिद्दीकी, 12 वर्षीय खिलाड़ी विशेष श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।

### राम कृष्ण ओझा बने इंट्यूशन प्रोसेस प्रशिक्षक

**सूरजपुर।** नगर के समाजसेवी, रामायणी, अधिवक्ता एवं कर सलाहकार तथा आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस कोर्स प्रशिक्षक राम कृष्ण ओझा ने आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक गुरुदेव रविशंकर द्वारा स्थापित बैंगलोर आश्रम में आयोजित 11 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में सफलता पूर्वक सहभागिता सुनिश्चित कर यह उपलब्धि हासिल की है।



राम कृष्ण ओझा ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग एक विश्व व्यापी संस्था है जो गुरुदेव के मार्गदर्शन में विश्व के १८० देशों में अपना विस्तार रखते हुए उच्च मूल्यों के साथ दिव्य समाज निर्माण की दिशा में सतत अग्रसर है। आर्ट ऑफ लिविंग में निर्मित कई प्रकार के कोर्स संचालित किए जाते हैं जिसमें कई वर्षों के शोध कार्य के बाद प्रज्ञा योग इंट्यूशन प्रोसेस के परिष्कृत कोर्स की शुरुआत की गई है। विगत 10 वर्षों में लाखों बच्चे इस इंट्यूशन प्रोसेस का प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इस कोर्स के बाद बच्चों में आश्चर्यजनक बदलाव देखने को मिलता है। बच्चों में छिपी हुई उच्च प्रतिभा निखर कर सामने आ रही है। इंट्यूशन प्रोसेस के तहत 5 वर्ष से 8 वर्ष तक, 8 वर्ष से 13 वर्ष तक एवं 13 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए अलग अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

## 2 गाय की रस्सी से फंसकर हुई मौत, 10 सुरक्षित

# मवेशी तस्करों का आतंक, दो दिनों के भीतर पकड़े गए मवेशी भरे पिकअप व स्कॉर्पियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

**खास बात**

- स्कार्पियो छोड़ भागे तस्कर, दो राज्य के मिले नम्बर प्लेट

जिले में मवेशी तस्करी की घटना कम होने का नाम नहीं ले रहा। पुलिस प्रशासन की अनदेखी के कारण मवेशी तस्करों के हौसले न सिर्फ बुलंद है बल्कि वाहनों में गाय बैल ठुस ठुसकर बूचड़खाना ले जा रहे है। बतौली में दो दिनों में ग्रामीणों मवेशी भरे पिकअप व स्कॉर्पियो को पकड़ पुलिस को सौंपा है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की तड़के बतौली के चेऊरपानी टीरंग मार्ग से गोवंश से भरे पिकअप के चालक बूचड़खाना ले जा रहा था। इसी बीच पिकअप क्रमांक जे एच 01 एफ एक्स 4982 का टायर पंचर हो जाने से चालक मौके पर ही वाहन को छोड़ फरार हो गया। मवेशी भरे पिकअप को देख ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। जब पिकअप का तिरपाल हटाया तो 11 गाय बछड़ा रस्सियों से बांधकर ठुस ठुस कर भरा हुआ था। डायल 112 के पुलिसकर्मी जितेन्द्र सिंह के समक्ष ग्रामीण सुरेश पैकरा,संजीत, भोठन,गणेश द्वारा रस्सियों को खोलकर गाय बछड़ा को नीचे उतारा गया जिससे 3 गाय मौके से भाग गए जबकि पिकअप में ही रस्सी बांधे गाय के गले में फंसे होने से 2 की मौत हो गई थी।



पिकअप में लोड मृत मवेशी।

6 गाय बछड़ा को सुरक्षित बाहर निकाला गया जिसका वेटनरी डॉक्टरों से उपचार भी कराया गया है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर वाहन मालिक व चालक की तलाश शुरू कर दी है। शनिवार की सुबह पिकअप से 11 गाय बछड़ा बरामद कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटा था तभी देर रात्रि ग्रामीणों की सहयोग से स्कॉर्पियो में 1 गाय को बांधकर ले जाया जा रहा था जिसे अंबिकापुर लोगों ने बतौली में पकड़ा गया वहीं अंधेरे का फायदा उठाते हुए स्कॉर्पियो सवार 3 युवक भाग निकले। पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर वाहन मालिक की तलाश शुरू कर दी है। जब्त स्कार्पियो वाहन में लगे नम्बर झारखंड एवं वाहन के अंदर रखा नम्बर प्लेट उड़ीसा का है। पुलिस ने नंबर के जांच में जुटी हुई है।

### बतौली में खराब होने पर 5 वाहन पकड़ाए

बतौली में गौ वंश से भरे वाहन के खराब होने पर ही पकड़ाता है। बतौली क्षेत्र में ही अब तक खराब होने के कारण 3 पिकअप, 1 बोलेरो व एक स्कॉर्पियो वाहन को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस के सुपुर्द किया है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस की सुस्त कार्य प्रणाली से न सिर्फ मवेशी तस्करों के हौसले बुलंद है बल्कि खुलेआम पशु क्रूरता अधिनियम की धज्जियां उड़ाते लगातार तस्करी किया जा रहा है। मवेशी तस्कर जिले के अन्य क्षेत्र से मवेशियों को झारखंड के बूचड़खाना ले जाया जा रहा है जो जिले के लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

#### एक माह में 50 से अधिक बछड़े की तस्करी

एनएच 43 कांतिप्रकाशपुर से 1 महीने में 50 से अधिक बछड़े की तस्करी की गई है। तस्करों द्वारा घरों में बंधे गाय बछड़ा सहित सड़क में लावारिस हालत में बैठे लगभग 50 गाय बछड़ों को पिकअप व स्कॉर्पियो में भरकर तस्करी किया जा चुका है। इस मामले में सिर्फ एक दो ग्रामीण द्वारा देखने के बाद भी डर से घर से बाहर नहीं निकले और न ही घटना की शिकायत पुलिस से की है। जिससे मवेशी तस्करों के हौसले बुलंद है।

#### ग्रामीणों की कार्रवाई की मांग

बतौली में अब तक 5 वाहनों को खराब होने पर पकड़ा गया है। जितने भी वाहन पकड़े गए है वह ग्रामीणों की सजगता के कारण संभव हो सका। ग्रामीणों ने मवेशियों को तस्करों से आजाद करा कर पुलिस के सुपुर्द किया लेकिन पुलिस पकड़े जाने पर ही करवाई करने का आश्वासन देता है। लेकिन आज तक वाहन मालिकों की गिरफ्तारी नहीं हुई। क्षेत्र के ग्रामीणों ने जब्त वाहन मालिक सहित मवेशी तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है जिससे क्षेत्र से मवेशी तस्करी पर अंकुश लग सके।

## एसजीजीयू में आंतरिक मूल्यांकन होगा डिजिटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों एवं संघटक महाविद्यालयों में सतत आंतरिक मूल्यांकन को प्रभावी पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से सीआईए पोर्टल लागू करने की तैयारी की जा रही है।

- बैठक में पोर्टल की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता की दी गई जानकारी

विश्वविद्यालय द्वारा 22 जुलाई को हाइब्रिड मोड़ में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारी, प्राध्यापक शामिल हुए। बैठक में विभागाध्यक्ष डॉ.रेशमलाल प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत सतत आंतरिक मूल्यांकन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा कहा कि सीआईए पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों, संबद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय तीनों को लाभ मिलेगा तथा आंतरिक मूल्यांकन की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, समयबद्ध एवं सुगम होगी। कुलपति राजेंद्र लाकपाले ने सीआईए लागू करने की पहल की सराहना की तथा इसे विश्वविद्यालय की डिजिटल शैक्षणिक व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। यह पोर्टल सतत आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी एवं विद्यार्थी केंद्रित बनाएगा। सरगुजा संभाग के अधिकांश विद्यार्थी दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों के है। कई बार भौगोलिक एवं अन्य परिस्थितियों के कारण वे निर्धारित समय पर परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो पाते तथा संबद्ध महाविद्यालय भी समय पर विश्वविद्यालय को अंक उपलब्ध कराने में कठिनाईयों का सामना करते हैं। ऐसे में यह पोर्टल विद्यार्थियों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करेगा तथा मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाएगा। सीआइए पोर्टल क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय एवं केआर टेक्निकल कॉलेज के डॉ.रितेश वर्मा ने पोर्टल की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को इसकी उपयोगिता तथा संचालन प्रक्रिया से अवगत कराया। अधिकारियों के अनुसार पोर्टल के माध्यम से सतत आंतरिक मूल्यांकन की प्रक्रिया ऑनलाइन संचालित होगी जिससे समय पर परीक्षा एवं अंकों का संप्रेषण किया जा सकेगा।

### भाजपा युवा मोर्चा ने सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

**राजपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान अंतर्गत वार्ड राइटिंग कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक निवास में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश भर में एक साथ शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ना तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है।




राजपुर मंडल में अभियान की शुरुआत उत्साहपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने सदस्यता अभियान को घर-घर तक पहुंचाने, प्रत्येक वार्ड में अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़ने तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और उसके सहयोग से सदस्यता अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा। अभियान के आगामी चरणों में सभी वार्डों में संपर्क अभियान चलाकर युवाओं को भाजपा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान संजय सिंह,विनय भगत, आकाश अग्रवाल, मंगलम पांडेय, राजेश यादव, रोशन गुप्ता, सावंत त्रिपाठी, राहुल गुप्ता, आशीष सोनी, सुनील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीएमश्री सेजस में बैगलेस डे पर न्योता भोज, दिया गया पूरक आहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शनिवार को पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में प्राचार्या पुष्पा राय के मार्गदर्शन में बैगलेस डे के अवसर पर न्योता भोज तथा पोषण वाटिका निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत आयोजित न्योता भोज कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अतिरिक्त पूरक पोषण आहार प्रदान कर सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ बनाया गया। साथ ही विद्यार्थियों को ताजी एवं हरी सब्जियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यूथ एवं इको क्लब के प्रभारियों तथा छात्रों के सहयोग से सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए मौसमी व बेलदार सब्जियों के बीज रोपकर पोषण वाटिका का निर्माण कराया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, सरपंच राधा बाई, देवशरण सिंह, जाहिद अली, जीरो बाई विशेष रूप से उपस्थित रहे।



एक दिवसीय विशेष अभियान का निरीक्षण सुरजपुर बीईओ हरेंद्र कुमार सिंह एवं जयनगर संकुल समन्वयक संजय मिश्रा द्वारा किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्देशों के अनुरूप विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए बैगलेस डे का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को किताबी बोझ से मुक्त रखकर उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति, रचनात्मक सोच और व्यावहारिक कौशल को उभारना था। बच्चों ने कारगिल दिवस एवं अभिभावक दिवस के थीम पर रंग-बिरंगे स्केच और कागजों का उपयोग कर आकर्षक थैंक यू कार्ड्स और शुभकामना संदेश निर्मित किए। नन्हे बच्चों ने स्वयं की बनाई कलाकृतियों को हाथों में लेकर प्रदर्शित कर उनके पीछे छिपी अपनी भावनाएं व्यक्त की। अतिथियों ने बच्चों के मध्य पहुंच उनके द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन किया। अतिथियों ने नन्हे बच्चों के हुनर, लगन और कल्पनाशक्ति की प्रशंसा कर उन्हें ऐसे रचनात्मक कार्यों में सदैव आगे रहने हेतु प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल, माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका आरती गुप्ता, प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका मोनिका मलिक, अभिभावक हीरामन बरई, रितेश गुप्ता, रविशंकर गुप्ता, प्रीति सोनी, रचना सिंह व विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी के निर्णायक कदम, अनशन समाप्त होने से विपक्ष का भारत विरोधी एजेंडा बेनकाब : ओमप्रकाश

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई ऐतिहासिक एवं कड़े कदमों की घोषणा तथा अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त किए जाने के बाद कांग्रेस सहित गठबंधन के घटक दलों पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि इन घटनाक्रमों ने विपक्ष के असली राजनीतिक चरित्र और उनके भारत विरोधी एजेंडे की पूरी तरह पोल खोल दी है।



भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और अभूतपूर्व कदम उठाने की घोषणा की है। श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा न केवल त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के निर्देश दिए हैं, बल्कि दोषियों को 5 से 10 साल की कड़ी सजा, कठोर जमानत शर्तों और दोषी पाए जाने पर संबंधित कोचिंग संस्थानों को बंद करने जैसे कठोर प्रावधानों वाले कानून का मसौदा तैयार करवाया जा रहा है। सरकार की इस त्वरित संवेदनशीलता और पारदर्शी नीयत के बाद केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में सोनम वांगचुक ने भी सरकार के सकारात्मक रुख पर भरोसा जताते हुए अपना अनशन समाप्त कर दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने कहा कि विपक्ष को कभी भी छात्रों के भविष्य या न्याय से कोई लेना-देना नहीं था। वे केवल देश में अराजकता का माहौल बनाना चाहते थे। जब सरकार ने समस्या के जड़ से समाधान के लिए कड़ा कानून बनाने की दिशा में काम किया, तो इण्डी गठबंधन का चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो गया।

# केन्द्रीय मंत्री के इस्तीफे उपरांत कांग्रेस ने निकाली रैली, मनाया जश्न

**अंबिकापुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के उपरांत सरगुजा ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को राजीव भवन से संगम चौक तक रैली निकालकर आतिशबाजी कर इस्तीफे के जश्न मनाया। मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस सहित पूरे देश मे छात्र आंदोलनरत थे। सरकार के अडिग रहने के कारण कांग्रेस ने आज पूरे देश के जिला मुख्यालय में मशाल रैली निकालने का निर्णय लिया था। हालांकि उसके पूर्व ही मांग पूर्ण होने पर कांग्रेस ने इसे विजय रैली का स्वरूप दे दिया। रैली उपरांत पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि अनगिनत पेपर लीक के कारण छात्रों की आत्महत्या होने से पूरे देश मे छात्रों, उनके अभिभावकों और सामान्य नागरिकों में रोष था, नतीजा इस आंदोलन के रूप में उभरा जिसका बर्बरतापूर्ण तरीके से मोदी सरकार ने दमन का प्रयास किया। सरकार अगर इस्तीफे पर पहले निर्णय ले लेती तो उसकी इज्जत बच जाती। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि नीट पेपर लीक के उपरांत पेपर लीक, शिक्षा, रोजगार जैसे विषयों को लेकर हमारे सर्वोच्च नेता राहुल गांधी और कांग्रेस ने छात्र आंदोलन की नींव रखी और आज उस आंदोलन में एक प्रतीकात्मक विजय प्राप्त हुई है, लेकिन सुधार के रास्ते मे लंबा रास्ता बाकी है। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि देश मे छात्रों ने अपनी एकजुटता से एक ऐतिहासिक आंदोलन किया जिसके नतीजे में सरकार को झुकना पड़ा है। पेपर लीक में अपनी जान गवाने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि देते हुए मैं छात्र एकता और उसकी सफलता को सलाम करता हूँ। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कि इस धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा से हमे यह नहीं मान लेना चाहिए कि यह सरकार शिक्षा और रोजगार को लेकर गंभीर होगी। यह एक छोटा कदम है, कांग्रेस युवाओं के हित में लड़ाई जारी रखेगी। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि सरकार के इस कदम से युवाओं का शिक्षा व्यवस्था में विश्वास कायम होगा, ऐसा होता नहीं दिखाई देता। इस सरकार ने दबाव में यह कदम उठाया है। इस सरकार से ज्यादा उम्मीद नहीं है। विजय रैली के दौरान कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक कार्यकारणी के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा संगठन के प्रमुख और उनके पदाधिकारी मौजूद थे।



### धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेस ने निकाला विजय जुलूस

**राजपुर।** देशभर में छात्रों के आंदोलन के बीच केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर यादव के नेतृत्व में विजय जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। स्थानीय कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुआ जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने सभा आयोजित कर इसे छात्र हितों की बड़ी जीत बताया। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हरिहर यादव ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही थी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार छात्रों के भविष्य को लेकर परीक्षाओं में पारदर्शिता और ठोस नीति की मांग उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से छात्रों के हित में बेहतर निर्णय लिए जाने की उम्मीद बढ़ी है तथा सरकार को शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, नीरज तिवारी, सुनील सिंह, जितेंद्र गुप्ता, समीर सिंहदेव, डॉ. बीएन द्विवेदी, लालसाय मिंज, रामदेव जगते, सुरेश सोनी, बृजेश मिश्रा, राजा चौबे, मनोज अग्रवाल, राजेश यादव, प्रमोद ठाकुर, रूपेश यादव, प्रशांत विश्वास, कृपाशंकर, अरुण दास, विनोद मेहता, विकास अंबष्ट, सुनील भगत, आनंद मसीह, दिनेश सोनवानी, संतोष सोनी, संजीत सोनी, पंकज ठाकुर, कौशल चौबे, संजीव गुप्ता, मुजाहिद अंसारी, शाहिद, सुदामा राजवाड़े, पंकज जायसवाल, विभु जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# जिले के 8 निरीक्षकों के तबादले के बाद कई प्रमुख हुए प्रभारीविहीन

**बिश्रामपुर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी हालिया तबादला आदेश के बाद सूरजपुर जिले की पुलिस व्यवस्था प्रभावित होती नजर आ रही है। जिले से आठ निरीक्षक (टीआई) स्तर के अधिकारियों का अन्य जिलों में तबादला कर दिया गया है, जबकि उनकी जगह अब तक केवल एक निरीक्षक की पदस्थापना की गई है। इसके चलते जिले के कई प्रमुख थाने फिलहाल प्रभारी विहीन होकर प्रभार व्यवस्था के तहत संचालित हो रहे हैं।जानकारी के अनुसार स्थानांतरण आदेश के बाद संबंधित निरीक्षकों को कार्यमुक्त कर नए पदस्थापन स्थल के लिए रवाना भी कर दिया गया है। ऐसे में सूरजपुर कोतवाली, बिश्रामपुर, जयनगर, रामानुजनगर, भैयाथान, आजाक थाना तथा महिला परामर्श केंद्र सहित कई इकाइयों में नियमित थाना प्रभारी मौजूद नहीं हैं। प्रभारी विहीन होने से थानों के प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ कानून-व्यवस्था के संचालन पर भी असर पड़ने की चर्चा है। स्थानीय स्तर पर पुलिस कर्मियों के बीच समन्वय और अनुशासन बनाए रखने की चुनौती भी बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस मुख्यालय से निरीक्षक और उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारियों की एक और बड़ी स्थानांतरण सूची जारी होना बाकी है। माना जा रहा है कि उसके बाद रिक्त पदों पर नई पदस्थापनाएं की जा सकती हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि हालिया तबादला सूची में बस्तर संभाग में लंबे समय से पदस्थ अधिकारियों को अन्य जिलों में भेजने और शहरी क्षेत्रों में लंबे समय से कार्यरत कुछ निरीक्षकों की बस्तर में पदस्थापना करने का निर्णय लिया गया है। डीजीपी स्तर पर समीक्षा के बाद जारी इस आदेश के अनुपालन में संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने अधिकारियों को तत्काल कार्यमुक्त कर नई पदस्थापना के लिए रवाना कर दिया है। हालांकि, रिक्त पदों पर नए अधिकारियों की तैनाती नहीं होने से सूरजपुर जिले की पुलिस व्यवस्था फिलहाल अंतरिम व्यवस्था के सहारे संचालित हो रही है।









**खबर संक्षेप**



## मशरूम उत्पादन से बदली पुष्पा की जिंदगी

**रायगढ़।** पुष्पा साव मशरूम उत्पादन के माध्यम से आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। आज वे मशरूम उत्पादन से सालाना लगभग 1.50 लाख रुपए की आय अर्जित कर रही हैं और अपने गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। जिले के ग्राम कुरमापाली निवासी श्रीमती पुष्पा साव बताती हैं कि कुछ वर्ष पहले तक उनका परिवार पूरी तरह मजदूरी पर निर्भर था। मेहनत के बावजूद आमदनी सीमित थी, जिससे परिवार का खर्च चलाना भी कठिन हो जाता था। बच्चों की अच्छी शिक्षा और परिवार के बेहतर भविष्य का सपना आर्थिक अभाव के कारण अधूरा लगता था। ग्राम पंचायत के माध्यम से उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की जानकारी मिली। उन्होंने संस्कार स्व सहायता समूह से जुड़कर नियमित बचत शुरू की।

## 30 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ाया आरोपी

**सारंगढ़।** शनिवार को जिला स्तरीय उड़नदस्ता टीम ने भकुर्रा अमलीडीपा मार्ग पर तलाशी ली जा रही थी। दौरान ग्राम भीमसेनडीह निवासी आरोपी ललित जायसवाल पिता सहदेव के दोपहिया वाहन बजाज प्लेटिना क्रमांक सीजी 13 एएस 2154 में 30 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब पर वाहन जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59 (क) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर जेल दाखिल कराया गया।

## पूर्वज के आधार पर बोन्दा कोटवार की नियुक्ति

**सारंगढ़।** सरिया तहसीलदार कोमल प्रसाद साहू ने मीडिया में प्रकाशित खबर पर अपना पक्ष रखते हुए विभागीय कार्य के संबंध में जानकारी दी कि, सरिया तहसील के अधीन ग्राम बोन्दा, कटंगपाली, खोखेपुर में कोटवार की नियुक्ति नियमानुसार कोटवार भर्ती नियम के आधार पर किया गया है। ग्राम बोन्दा में नियुक्त कोटवार के पूर्वज के कोटवार होने के आधार पर किया गया है। नियुक्त कोटवार के पिता हलधर, दादा चमरा और परदादा कुलधर ग्राम बोन्दा के कोटवार रह चुके हैं। इसी प्रकार कटंगपाली के कोटवार द्वारा सरकारी कोटवारी भूमि में फ्लाईएश डंपिंग नियम विरुद्ध कराया गया, जिसके आधार पर कोटवार सेवा समाप्त (बर्खास्त) किया गया है, जिनके अपील प्रकरण उच्चतर कोर्ट में विचाराधीन है। तहसीलदार ने कहा है कि, यदि किसी प्रकरण में किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो उसके विरुद्ध अपील कर सकते हैं।

## 25 साल से लापता है गजानन, हो रही परेशानी

**पुसौर।** पिछले 25 वर्षों से लापता पति की संपत्ति के नामांतरण को लेकर एक महिला को दर-दर भटकना पड़ रहा है। पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम कोडातराई निवासी गजानन साव वर्ष 2001 से लापता हैं। लापता होने के बाद से उनके परिवार को सामाजिक और आर्थिक दोनों स्तरों पर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम कोडातराई निवासी गजानन साव पिता नरसिंह साव उस समय लगभग 50 वर्ष के थे। वर्ष 2001 में वे अचानक घर से लापता हो गए थे। इसकी सूचना पुसौर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। परिवार के साथ-साथ पुलिस और प्रशासन ने भी काफी खोजबीन की लेकिन आज तक गजानन साव का कोई पता नहीं चल सका। गजानन साव के नाम पर गांव में चल-अचल संपत्ति दर्ज है। पति के लापता होने के कारण पत्नी मालती साव को न तो जमीन बेचने की अनुमति मिल पा रही है और न ही सरकारी योजनाओं का लाभ ले पा रही हैं। वर्तमान में सभी राजस्व और बैंकिंग कार्य ऑनलाइन और बायोमेट्रिक आधार पर होने के कारण मालती साव को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। बिना पति के दस्तखत और अंगूठे के कोई भी काम नहीं हो पा रहा। इस समस्या से निजात पाने के लिए मालती साव ने पंचायत के समक्ष फरियाद प्रस्तुत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पंचायत प्रबंधन ने ग्राम सभा की बैठक बुलाई।

### हर बूथ तक पहुंचेगा समरसता का संदेश

# समरसता संकल्प अभियान व तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



भारतीय जनता पार्टी जिला जशपुर द्वारा सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती, समरसता संकल्प अभियान, घर-घर तिरंगा अभियान एवं तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने संगठनात्मक विषयों, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति से जुड़े अभियानों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया। मुख्य वक्ता एवं लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का प्रतीक है। उन्होंने समाज को जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर एकता और सद्भाव का संदेश दिया। भारतीय जनता पार्टी उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से समरसता संकल्प अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार अंत्योदय और सामाजिक समरसता के संकल्प को धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संत रविदास जी के संदेश को घर-घर पहुंचाकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का कार्य करें। जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया ने जिले के पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि समरसता संकल्प अभियान चार चरणों में संचालित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 29 जुलाई से होगी और यह अभियान 20 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चलेगा। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए बूथ स्तर तक व्यापक जनसंपर्क किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कार्यशाला की विषय-वस्तु प्रस्तुत की तथा जिले के सभी मंडल अध्यक्षों से बूथ समितियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान पूर्व विधायक भरत साय, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, अंत्यावसायी निगम अध्यक्ष सुरेंद्र बेसरा, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश नन्दे, बलरामपुर जिला प्रभारी ओमप्रकाश सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, उपेन्द्र यादव एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## नशा मुक्त भारत युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** माय भारत द्वारा आयोजित नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन एन ई एस कॉलेज के सेमिनार हॉल में किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एस पी राकेश पटनवार और विशिष्ट अतिथि एन ई एस कॉलेज के प्राचार्य अमरेंद्र सिंह और जिला युवा अधिकारी संकेत मित्तल थे।आठ विधाओं में यहां प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी।

वाद विवाद प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, संगीत एवं रैप प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता, स्लैम पोयट्री प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता और रील मेकिंग और लघु फिल्म प्रतियोगिता यह आठ प्रतियोगिताएं मेरा युवा भारत जशपुर द्वारा आयोजित कराई गई थी। जिसके लिए बच्चों और युवाओं को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के एवं कॉलेज के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सभी विधाओं में तीन तीन निर्णायक रखे गए थे जिन्होंने निष्पक्ष होकर अपना निर्णय दिया।संकल्प शिक्षण संस्थान के छात्राओं ने भी चार-पांच प्रतियोगिताओं में भाग लिया था जिसमें से चित्रकला प्रतियोगिता में सिमरन भगत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और संगीत एवं रैप प्रतियोगिता में संकल्प की छात्राओं ने प्रथम स्थान तथा नृत्य प्रतियोगिता में भी संकल्प की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता जिला स्तरीय प्रतियोगिता थी इसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना होगा। संकल्प के छात्राओं के साथ इस कार्यक्रम में उनके शिक्षक दीपक कुमार ग्वाला और सीमा गुप्ता भी उपस्थित थे। संकल्प के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम आवश्यक है। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के युवाओं को सभी तरह के नशा से मुक्त होकर अध्ययन का नशा करना होगा तभी वह एक सफल नागरिक बन पाएंगे प्राचार्य अमरेंद्र सिंह ने भी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि नशा करना जरूरी है मगर वह नशा सफलता का होना चाहिए। ।युवा अधिकारी संकेत मित्तल ने इस सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई दी और आगे भी इस तरह के कार्यक्रम माय भारत के द्वारा आयोजित किए जाएंगे इसकी जानकारी भी उनके द्वारा दी गई सभी विजेता बच्चों को ट्राफी, प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया गया तथा प्रथम स्थान पर आने वाले सभी छात्र-छात्राओं को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहने की बात भी कही गई।

# जिले के 40 विद्यार्थी ले रहे पांच दिवसीय रोबोटिक्स प्रशिक्षण



**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान में 5 दिवसीय आवासीय रोबोटिक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, रोबोटिक्स, नवाचार एवं वैज्ञानिक सोच से जोड़ते हुए भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकियों से परिचित कराना है। ज्वाइंट कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा और जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा के निर्देश पर आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के सभी विकासखंडों से चयनित 40 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं, जिनमें 20 छात्र एवं 20 छात्राएँ शामिल हैं। जिन्हें 5 दिनों तक आवासीय रूप से रोबोटिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उद्घाटन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थियों को इतनी कम उम्र में रोबोटिक्स का ऐसा प्रशिक्षण मिलना भविष्य के लिए लाभकारी होगा। अच्छे माइंडसेट के साथ आप यह प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण के दौरान अपनी जिज्ञासा और शंकाओं के समाधान के लिए प्रश्न अवश्य पूछे। और अभ्यास के साथ स्वयं में निरंतर सुधार करने का प्रयास करें। उन्होंने ग्राफिक्स कार्ड और उसकी उपयोगिता, एनवीडिया जैसी अग्रणी तकनीकी कंपनी तथा डिजिटल गेम्स के पीछे कार्य करने वाली तकनीक के बारे में भी विद्यार्थियों को संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद विद्यार्थियों से विस्तृत फीडबैक देने को भी कहा। जिला प्रशासन की ओर से उन्होंने भविष्य में विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार की एडवांस ट्रेनिंग आयोजित किए जाने की भी बात कही।

प्रशिक्षण में उपस्थित यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को एकाग्रता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिले में इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं नवाचार से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए भी तैयार करेगें। प्रशिक्षण में रेसरोबोटिक्स फाउंडेशन की ओर से प्रशिक्षक सुभाष देवांगन, दुर्गेश कुमार एवं श्री राजपूत विद्यार्थियों को पाँच दिनों तक रोबोटिक्स की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को बेसिक सर्किट, टिंकरकैड, रोबोटिक्स गेम, विभिन्न प्रकार के बॉट, आरसी कार एवं ह्यूमनॉइड रोबोट, रोप कार, सेंसर असेंबली, सर्किट डायग्राम, प्रोग्रामिंग एवं कोडिंग, सिमुलेशन गेम, ड्रोन तकनीक, ड्राइंग पजल गेम, क्विज तथा स्थानीय समस्याओं के तकनीकी समाधान विकसित करने जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन हेतु यशस्वी जशपुर के श्री अवनीश पांडेय एवं श्री राजेन्द्र प्रेमी भी उपस्थित रहे।

## हाथियों ने 7 घरों की दीवारें तोड़ीं फसल रौंदी

**रायगढ़।** जिले में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। धरमजयगढ़ वन मंडल से लेकर रायगढ़ वन मंडल तक हाथियों के दल लगातार रिहायशी इलाकों और खेतों में पहुंच रहे हैं। बीते दो रातों के दौरान कापू रेंज में हाथियों ने सात ग्रामीणों के कच्चे मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जबकि कई किसानों की धान की फसल रौंद दी। वहीं घरघोड़ा रेंज में एक हाथी स्कूल परिसर तक पहुंच गया और बाउंड्रीवाल गिरा दी। घटनाओं के बाद वन विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार, कापू रेंज के जंगल से निकले तीन हाथी शुक्रवार और शनिवार की रात अलोला तथा आसपास के गांवों में पहुंच गए। सबसे पहले हाथियों ने खेतों में घुसकर धान की फसलों को नुकसान पहुंचाया।

## जिपं सीईओ ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**सरसीवा।** जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी बिलाईगढ़ जनपद क्षेत्र के दौर पर पहुंचे थे। फील्ड में उतरकर योजनाओं के क्रियान्वयन को उन्होंने खुद निरीक्षण किया। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया गया कार्यों की गहन समीक्षा की गई तथा क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। बिलाईगढ़ जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जनपद क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों के सचिवों के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सीईओ जिप ऋषिकेश तिवारी ने सचिवों को कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# आरा चौकी में लगा विधिक साक्षरता शिविर




**जशपुरनगर।** नालसा की योजना के तहत सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के मार्गदर्शन में थाना जशपुर चौकी आरा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम में माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के द्वारा प्री-मैट्रिक बालिका छात्रावास इचकेला एवं प्री-मैट्रिक बालिका छात्रावास आरा में विधिक जागरूकता, बाल विवाह, मानव तस्करी, नशा मुक्ति, बाल श्रम, साइबर फ्रॉड, मोटर यान के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को संविधान एवं कानून की मूलभूत जानकारी प्रदान करते हुए विधि की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, न्याय और अनुशासन बनाए रखने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है जिसके लिए कानून की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। बलराम कुमार देवांगन, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुनकुरी एवं श्रीमती सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर के द्वारा भी विधिक साक्षरता, नशा मुक्ति, बाल श्रम, साइबर फ्रॉड, मोटर यान, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, शिक्षा का अधिकार, गुड टच एवं बैड टच घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण के बारे में विद्यार्थियों जानकारी दी। उक्त साक्षरता शिविर में प्री-मैट्रिक बालिका छात्रावास इचकेला के लगभग 55, प्री-मैट्रिक बालिका छात्रावास आरा के 50 विद्यार्थी, शिक्षक तथा कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

# रमापति विद्यालय के छात्रों ने पेश की मिसाल, श्रमदान कर सड़क के भरे गड्ढे



**चंद्रपुर।** समाज सेवा और जनहित की भावना को साकार करते हुए रमापति विद्यालय, चंद्रपुर के विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक पहल करते हुए श्रमदान किया।

छात्रों ने हीरापुर से चंद्रपुर मार्ग पर कई स्थानों पर बने बड़े.बड़े गड्ढों को ईंट राबीश से भरकर राहगीरों के लिए सड़क को सुरक्षित एवं सुगम बनाने का सराहनीय कार्य किया। यह श्रमदान कार्यक्रम विद्यालय के डायरेक्टर आरके साहू के निर्देशन, प्राचार्य शिवनाथ पटेल के नेतृत्व तथा कृषि विज्ञान के शिक्षक भोजराम डनसेना की अगुवाई में संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र दोशन पटेल, राजू पातर, आदित्य देवांगन, देव यादव, देवेंद्र साहू, सोहम साहू, राहुल जायसवाल एवं लोकेश राठिया ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ श्रमदान करते हुए सड़क के गड्ढों को ईंट राबीश से भरकर आवागमन को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में ट्रैक्टर एवं राबीश की व्यवस्था धरमदास पाड़े द्वारा की गई।

# पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क, अब तक नहीं हुई मरम्मत



**बरमकेला।** बरमकेला नगर में जलावर्धन योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोदा गया था।

पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण का कार्य संबंधित ठेकेदार द्वारा कराया गया, जिसकी निगरानी की जिम्मेदारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पीएचई विभाग की थी। लेकिन कार्य पूरा होने के तीन माह भी पूरे नहीं हुए हैं और सड़कों की हालत बद से बदतर हो चुकी है। कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह उखड़ गई है, बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और बरसात के कारण उनमें पानी भर गया है। इससे विभाग और ठेकेदार दोनों की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। सरकारी योजनाओं में जनता के टैक्स के करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। लेकिन जब निर्माण कार्य अपनी निर्धारित उम्र तो दूर, तीन माह भी पूरा नहीं कर पाता, तब निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। आखिर ऐसा क्या कारण रहा कि सड़क मरम्मत कार्य कुछ ही समय में अपनी वास्तविकता बयां करने लगा? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया। जहां-जहां पाइपलाइन बिछाई गई थी, वहां सड़क की मरम्मत जल्दबाजी में की गई। आज स्थिति यह है कि सड़क की ऊपरी परत उखड़कर बाहर आ चुकी है।

> कुछ स्थानों पर बारिश के कारण पानी जमा हो जाने तथा कुछ जगहों पर वाहनों की अधिक आवाजाही होने के कारण सड़क की कॉम्पेक्शन प्रक्रिया अच्छी तरह नहीं हो पाई होगी। इसी वजह से सड़क की यह स्थिति निर्मित हुई है।
>
> **भीम लाल खरे, एसडीओ पीएचई**

### सौंपा गया पदाधिकारियों को उनका उत्तरदायित्व

# ओपी जिंदल विद्यालय तराईमाल में पदभार ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



ओपी जिंदल विद्यालय, तराईमाल में 25 जुलाई को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पदभार ग्रहण समारोह अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस समारोह का उद्देश्य नव-निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को उनके उत्तरदायित्व सौंपना और उनमें नेतृत्व के गुणों का विकास करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की माननीया प्राचार्या महोदया श्रीमती अलका गोडबोले का स्वागत पुष्प-गुच्छ भेंट कर की गई। इसके पश्चात प्राचार्या एवं सभी सदन प्रभारियों द्वारा दीप-प्रज्जवलन एवं विद्या, बुद्धि और ज्ञान प्रदान करने वाली मां सरस्वती की वंदना की गई। इसके बाद कक्षा चतुर्थ के छात्रों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राचार्या ने नव-निर्वाचित 'विद्यालय नायक एवं नायिका' सहित अन्य पदाधिकारियों को बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि यह दायित्व अत्यंत प्रतिष्ठित है, क्योंकि इसमें विद्यालय की अपेक्षाओं और उत्तरदायित्वों का निर्वहन निहित है। उन्होंने कहा, नेतृत्व केवल पद या अधिकार नहीं, अपितु संस्था का विष्वास है। उन्होंने आगे कहा, यदि किसी विद्यार्थी को बैज प्राप्त न भी हुआ हो, तब भी वह विद्यालय का महत्वपूर्ण अंग है। अतः सभी विद्यार्थियों को अनुषासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाना चाहिए। इसके बाद प्राचार्या महोदया, सदन प्रभारी एवं षिक्षकों ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बैज एवं पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपना आत्म-परिचय दिया। विद्यालय नायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि वह और पूरी छात्र परिषद, छात्रों तथा षिक्षकों के बीच सेतु का कार्य करेंगे। अंत में उन्होनें प्राचार्या सभी शिक्षकों और छात्रों के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। समारोह का सबसे प्रेरणादायक क्षण शपथ ग्रहण समारोह था। विद्यालय नायक ने सदन - आजाद, भगत, सुभाष एवं तिलक के सदन प्रमुख, उप सदन प्रमुख, अनुशासन प्रभारी, सांस्कृतिक प्रभारी, गतिविधि प्रभारी, स्वच्छता समिति प्रभारी, टीपीएम प्रभारी, क्रीड़ा सचिव एवं अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई। सभी ने विद्यालय के आदर्शो, अनुशासन और गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया। अंत में राष्ट्रगान गाकर समारोह की समाप्ति की गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com




30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411